दिनांक 08/02/2019 को Construction of DIC Building, Madhubani के कार्य का पुनर्निविदा हेतु प्राप्त तकनीकी बीड के संबंध में निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही –

सदस्य उपस्थित :–

1. निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आई0डी0ए0, पटना
2. प्र0 निदेशक (वित्त), आई0डी0ए0, पटना
3. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी), आई0डी0ए0 पटना
4. कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0/बी0ओ0टी0), आई0डी0ए0, पटना

कार्यावली :–

Construction of DIC Building, Madhubani के कार्य हेतु ई–निविदा के माध्यम से पुनर्निविदा की गई। उक्त निविदा का विज्ञापन सं0 – NIT-03/TEN/IDA/19 (Sr. No.-3) है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 17.01.2019 थी। e-proc के माध्यम से तकनीकी बीड दिनांक 18.01.2019 को अपराह्न 3:00 बजे के उपरांत कम्प्यूटर प्रोग्रामर द्वारा खोल कर पी0डी0ए0 शाखा को प्राप्त हुआ। इस कार्य हेतु निम्न तीन निविदादाताओं ने भाग लिया है –

1. Subhag Lal Yadav Construction Pvt. Ltd.
   Dhanauja, Madhubani, Pin - 847409
2. M/s Daya Ram Singh
   Kapasiya Nagdah, Begusarai, BIhar
3. Dilip Kumar Mishra
   Ward No. – 1, P.O. – Belsand, Dist. – Sitamarhi, Bihar.

प्राप्त 03 (तीन) निविदादाताओं के अभिलेख जांच हेतु निविदा समिति के समक्ष रखा गया। जांचोपरांत दो निविदादाताओं क्रमशः M/s Daya Ram Singh (Begusarai) एवं Dilip Kumar Mishra (Sitamarhi) को Responsive पाया गया। निविदादाता Subhag Lal Yadav Construction Pvt. Ltd. (Madhubani) के द्वारा समर्पित कागजात में NIT की कंडिका 9 का 2 (च) में मांगी गई सदृश्य कार्य (Similar Experience) यानी भवन निर्माण के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र Upload नहीं है। इनके द्वारा Similar Nature of Work के स्थान पर पथ निर्माण से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र Upload किया गया है। अतः भवन निर्माण कार्य के सदृश्य अनुभव के अभाव में निविदा समिति निविदादाता Subhag Lal Yadav Construction Pvt. Ltd. (Madhubani) को Non Responsive मानती है।

निविदा समिति का निर्णय :–

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से Responsive निविदादाताओं क्रमशः M/s Daya Ram Singh (Begusarai) एवं Dilip Kumar Mishra (Sitamarhi) को तकनीकी बीड में सफल मानती है। साथ ही एक Non Responsive निविदादाता Subhag Lal Yadav Construction Pvt. Ltd. (Madhubani) को तकनीकी बीड में असफल मानती है।

निविदा समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर Upload किया जाय एवं 05 (पाँच) दिनों के अंदर इस निविदा से संबंधित किसी प्रकार का अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर वित्तीय बीड खोला जाय।

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0/बी0ओ0टी0)

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)

प्र0 निदेशक (वित्त)

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)